# SECONDARY SCHOOL EXAMINATION – 2026
# माध्यमिक स्कूल परीक्षा – 2026
**( ANNUAL / वार्षिक )**

प्रश्न पुस्तिका सेट कोड
Question Booklet Set Code
**A**

111-
प्रश्न पुस्तिका क्रमांक
Question Booklet Serial No.

## SOCIAL SCIENCE
**( Compulsory )**
## सामाजिक विज्ञान
**( अनिवार्य )**

विषय कोड :
**Subject Code : 111**

कुल प्रश्न : 80 + 32 = 112
**Total Questions : 80 + 32 = 112**
(समय : 2 घंटे 45 मिनट)
[ Time : 2 Hours 45 Minutes ]

कुल मुद्रित पृष्ठ : 32
**Total Printed Pages : 32**
(पूर्णांक : 80)
[ Full Marks : 80 ]

***परीक्षार्थियों के लिये निर्देश :***

1. *परीक्षार्थी OMR उत्तर-पत्रक पर अपना प्रश्न पुस्तिका क्रमांक (10 अंकों का) अवश्य लिखें।*
2. *परीक्षार्थी यथासंभव अपने शब्दों में ही उत्तर दें।*
3. *दाहिनी ओर हाशिये पर दिये हुए अंक पूर्णांक निर्दिष्ट करते हैं।*
4. *प्रश्नों को ध्यान पूर्वक पढ़ने के लिए 15 मिनट का अतिरिक्त समय दिया गया है।*

***Instructions for the candidates :***

1. ***Candidates must enter his / her Question Booklet Serial No. (10 Digits) in the OMR Answer Sheet.***
2. *Candidates are required to give their answers in their own words as far as practicable.*
3. *Figures in the right hand margin indicate full marks.*
4. *15 minutes of extra time have been allotted for the candidates to read the questions carefully.*

5. यह प्रश्नपत्र दो खण्डों में है — <u>खण्ड-अ</u> एवं <u>खण्ड-ब</u>।

6. **खण्ड-अ में 80 वस्तुनिष्ठ प्रश्न** हैं जिनमें **40 प्रश्न** अनिवार्य हैं। यदि परीक्षार्थी 40 से अधिक प्रश्नों के उत्तर देते/देती हैं, तो प्रथम 40 उत्तरों का ही मूल्यांकन किया जाएगा। प्रत्येक प्रश्न के लिए **1 अंक** निर्धारित है। । इनके उत्तर हेतु **OMR** उत्तर-पत्रक पर दिए गए सही विकल्प को **काले/नीले बॉल पेन से भरें। किसी भी प्रकार के ह्वाइटनर / तरल पदार्थ / ब्लेड / नाखून आदि का OMR उत्तर-पत्रक में प्रयोग नहीं करें अन्यथा परीक्षा परिणाम अमान्य होगा।**

7. **खण्ड-ब** में **सामाजिक विज्ञान** के अन्तर्गत कुल **5** विषयों के **लघु उत्तरीय प्रश्न** हैं। प्रत्येक प्रश्न के लिए **2 अंक** निर्धारित हैं।

   **इतिहास** में **6** लघु उत्तरीय प्रश्न (Q.Nos. 1 से 6) हैं, जिनमें से **किन्हीं 3 प्रश्नों के उत्तर देने हैं।**

   **राजनीति विज्ञान** में **4** लघु उत्तरीय प्रश्न (Q. Nos. 9 से 12) हैं, जिनमें से **किन्हीं 2 प्रश्नों के उत्तर देने हैं।**

5. This question booklet is divided into two sections — <u>**Section-A**</u> and <u>**Section-B**</u>.

6. In **Section-A** there are **80 objective type questions** out of which **40** questions are compulsory. If the candidate answers more than 40 questions, the first 40 answers only will be evaluated. Each question carries **1 mark**. For answering these darken the correct circle given on the OMR answer sheet with **black / blue ball pen. Do not use whitener / liquid material / blade / nail etc. on the OMR answer sheet otherwise the result will be treated invalid.**

7. In **Section-B** there are Short Answer Type questions of 5 subjects of **Social Science**. Each question carries **2 marks.**

   **History** has **6** Short Answer Type questions (Q. Nos. 1 to 6) out of which **any 3 questions are to be answered.**

   **Political Science** has **4** Short Answer Type questions (Q. Nos. 9 to 12) out of which **any 2 questions are to be answered.**

**अर्थशास्त्र** में **4** लघु उत्तरीय प्रश्न (Q. Nos. 15 से 18) हैं, जिनमें से **किन्हीं 2 प्रश्नों के उत्तर देने हैं।**

**भूगोल** में **6** लघु उत्तरीय प्रश्न (Q. Nos. 21 से 26) हैं, जिनमें से **किन्हीं 3 प्रश्नों के उत्तर देने हैं।**

**आपदा प्रबन्धन** में **4** लघु उत्तरीय प्रश्न (Q. Nos. 29 से 32) हैं, जिनमें से **किन्हीं 2 प्रश्नों के उत्तर देने हैं।**

इनके अतिरिक्त **8** दीर्घ उत्तरीय प्रश्न (Q. Nos. 7, 8, 13, 14, 19, 20, 27, 28) हैं। प्रत्येक प्रश्न के लिए **4 अंक** निर्धारित हैं। इतिहास, राजनीति विज्ञान, अर्थशास्त्र एवं भूगोल में प्रत्येक से एक-एक प्रश्न का उत्तर देना है।

8. किसी प्रकार के इलेक्ट्रॉनिक उपकरण का प्रयोग पूर्णतया वर्जित है।

***Economics*** *has* ***4*** *Short Answer Type questions (Q. Nos. 15 to 18) out of which* ***any 2 questions are to be answered.***

***Geography*** *has* ***6*** *Short Answer Type questions (Q. Nos. 21 to 26) out of which* ***any 3 questions are to be answered.***

***Disaster Management*** *has* ***4*** *Short Answer Type questions (Q. Nos. 29 to 32) out of which* ***any 2 questions are to be answered.***

*Apart from these, there are* ***8*** *Long Answer Type questions (Q. Nos. 7, 8, 13, 14, 19, 20, 27, 28). Each question carries* ***4 marks.*** *One Long Answer Type question each from History, Political Science, Economics and Geography is to be answered.*

8. *Use of any electronic appliances is strictly prohibited.*

## खण्ड - अ / SECTION - A

### वस्तुनिष्ठ प्रश्न / Objective Type Questions

*प्रश्न संख्या 1 से 80 तक के प्रत्येक प्रश्न के साथ चार विकल्प दिए गए हैं, जिनमें से एक सही है। अपने द्वारा चुने गए सही विकल्प को OMR शीट पर चिह्नित करें। केवल 40 प्रश्नों के ही उत्तर दें।* *40 × 1 = 40*

*Question Nos. 1 to 80 have four options each, out of which only one is correct. Mark your selected option on the OMR sheet. Answer any 40 questions.* *40 × 1 = 40*

1. भारत के संदर्भ में एक प्रतिनिधि लोकतंत्र कैसे कार्य करता है ?

   (A) सभी नागरिक प्रत्यक्ष रूप से निर्णय लेते हैं

   (B) सैन्य बल द्वारा सरकार चुनी जाती है

   (C) नागरिक अपने प्रतिनिधि चुनते हैं जो उनके लिए निर्णय लेते हैं

   (D) इनमें से सभी

   How does a representative democracy function in the Indian context ?

   (A) All citizens take decisions directly

   (B) The government is elected by military force

   (C) Citizens elect their representatives who make decisions for them

   (D) All of these

2. एक पंचायत क्षेत्र में रहने वाले सभी ग्रामवासियों की सभा क्या कहलाती है ?

   (A) ग्राम सभा (B) ग्राम पंचायत

   (C) पंचायत समिति (D) जिला परिषद्

   What is the committee of all the villagers living in a Panchayat called ?

   (A) Gram Sabha (B) Gram Panchayat

   (C) Panchayat Samiti (D) Zilla Parishad

3. पंचायत सचिव की नियुक्ति कौन करता है ?

(A) ग्राम सभा (B) ग्राम पंचायत का मुखिया

(C) राज्य सरकार (D) पंचायत समिति का प्रमुख

Who appoints the Panchayat Secretary ?

(A) Gram Sabha (B) Mukhiya of Gram Panchayat

(C) State Government (D) Pramukh of Panchayat Samiti

4. निम्नलिखित में से क्या संघीय सरकार की विशेषता नहीं है ?

(A) शक्तियों का विभाजन (B) संविधान की सर्वोच्चता

(C) लचीला संविधान (D) स्वतंत्र न्यायपालिका

Which of the following is not a feature of a federal government ?

(A) Division of powers (B) Supremacy of the constitution

(C) Flexible constitution (D) Independent judiciary

5. निम्नलिखित में से किस देश में बहुदलीय व्यवस्था नहीं है ?

(A) भारत (B) पाकिस्तान

(C) चीन (D) नेपाल

Which of the following countries does not have a multiparty system ?

(A) India (B) Pakistan

(C) China (D) Nepal

6. भारत की केन्द्रीय सरकार के गठबंधन का क्या नाम है ?

(A) राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (B) संयुक्त प्रगतिशील गठबंधन

(C) महागठबंधन (D) इनमें से कोई नहीं

What is the name of the coalition of Central Government of India ?

(A) National Democratic Alliance

(B) United Progressive Alliance

(C) Grand Alliance ( Mahagathbandhan )

(D) None of these

7. नेपाल में लोकतंत्र को कब स्थायी रूप से बहाल किया गया ?

(A) 2006 (B) 2007

(C) 2008 (D) 1990

When was democracy permanently restored in Nepal ?

(A) 2006 (B) 2007

(C) 2008 (D) 1990

8. लोकतंत्र का सबसे बुनियादी परिणाम क्या है ?

(A) सख्त कानून (B) सैन्य शक्ति

(C) उच्च आर्थिक विकास (D) जवाबदेह सरकार

What is the most fundamental outcome of democracy ?

(A) Strict law

(B) Military power

(C) High economic development

(D) Accountable government

9. निम्न में से क्या आर्थिक गतिविधि नहीं है ?

(A) कृषि (B) संचार

(C) गरीबी (D) परिवहन

Which of the following is not an economic activity ?

(A) Agriculture (B) Communication

(C) Poverty (D) Transportation

10. भारतीय संविधान की किस अनुसूची में 22 अनुसूचित भाषाओं को स्थान दिया गया है ?

(A) सातवीं अनुसूची (B) आठवीं अनुसूची

(C) ग्यारहवीं अनुसूची (D) बारहवीं अनुसूची

In which Schedule of the Constitution of India have 22 scheduled languages been given place ?

(A) Seventh Schedule (B) Eighth Schedule

(C) Eleventh Schedule (D) Twelfth Schedule

11. निम्नलिखित में से किन दो केन्द्रशासित प्रदेशों का विलय कर दिया गया है ?

(A) पुदुचेरी एवं लक्षद्वीप

(B) जम्मू-कश्मीर एवं लद्दाख

(C) दादरा, नगर हवेली और दमन व दीव

(D) अंडमान एवं निकोबार द्वीपसमूह

Which of the following two union territories have been merged ?

(A) Puducherry and Lakshadweep

(B) Jammu-Kashmir and Ladakh

(C) Dadra, Nagar Haveli and Daman and Diu

(D) Andaman and Nicobar Islands

12. स्वतंत्रता प्राप्ति से पूर्व भारत में कुल कितनी देशी रियासतें थीं ?

(A) 565 (B) 562

(C) 620 (D) 728

A

How many princely states were there in India before independence ?

(A) 565 (B) 562

(C) 620 (D) 728

13. ग्राम रक्षादल का गठन किस स्तर पर होता है ?

(A) ग्राम पंचायत स्तर पर (B) प्रखंड स्तर पर

(C) जिला स्तर पर (D) राज्य स्तर पर

At what level is the Gram Raksha Dal formed ?

(A) At the gram panchayat level

(B) At the block level

(C) At the district level

(D) At the state level

14. निम्नलिखित में से कहाँ प्रत्यक्ष लोकतंत्र पाया जाता है ?

(A) स्विट्जरलैंड (B) भारत

(C) पाकिस्तान (D) चीन

In which of the following is direct democracy found ?

(A) Switzerland (B) India

(C) Pakistan (D) China

15. निर्वाचन में राजनीतिक दलों के लिए आचार संहिता का निर्माण कौन करता है ?

(A) संसद (B) मंत्रिमंडल

(C) राष्ट्रपति (D) निर्वाचन आयोग

Who creates the Code of Conduct for political parties during elections ?

(A) Parliament (B) Cabinet

(C) President (D) Election Commission

16. डाल्मा वन्य जीव अभयारण्य कहाँ स्थित है ?

(A) उत्तर प्रदेश (B) उत्तराखंड

(C) झारखंड (D) हिमाचल प्रदेश

Where is Dalma Wildlife Sanctuary located ?

(A) Uttar Pradesh (B) Uttarakhand

(C) Jharkhand (D) Himachal Pradesh

17. खनिज पदार्थों में कौन-सा भारतीय क्षेत्र समृद्ध नहीं है ?

(A) मालवा का पठार (B) गंगा का मैदान

(C) लद्दाख का पठार (D) छोटानागपुर का पठार

Which Indian region is not rich in minerals ?

(A) Malwa plateau (B) Gangetic plain

(C) Ladakh plateau (D) Chota Nagpur plateau

18. ऐंथ्रासाइट कोयले के संबंध में कौन-सा कथन सत्य है ?

(A) यह सर्वोच्च कोटि का है (B) इसमें 30% कार्बन की मात्रा होती है

(C) इसे भूरा कोयला कहते हैं (D) इनमें से सभी

Which statement is true regarding anthracite coal ?

(A) It is of best quality

(B) It contains 30% carbon

(C) This is called brown coal

(D) All of these

19. सीमेंट निर्माण के लिए किस कच्चे माल की आवश्यकता होती है ?

(A) चूनापत्थर (B) बॉक्साइट

(C) जिप्सम (D) इनमें से सभी

Which raw material is required for manufacturing cement ?

(A) Limestone (B) Bauxite

(C) Gypsum (D) All of these

20. रबी की फसलें किस ऋतु में बोई जाती हैं ?

(A) शीत (B) ग्रीष्म

(C) मानसून (D) इनमें से कोई नहीं

In which season are Rabi crops sown ?

(A) Winter (B) Summer

(C) Monsoon (D) None of these

21. गण्डक नदी घाटी परियोजना से किस राज्य को लाभ मिलता है ?

(A) बिहार (B) उत्तर प्रदेश

(C) मध्य प्रदेश (D) इनमें से सभी

Which state gets benefit from the Gandak River Valley project ?

(A) Bihar (B) Uttar Pradesh

(C) Madhya Pradesh (D) All of these

22. हीराकुड बाँध किस नदी पर निर्मित है ?

(A) तुंगभद्रा (B) महानदी

(C) कृष्णा (D) शारावती

On which river is the Hirakud Dam constructed ?

(A) Tungabhadra (B) Mahanadi

(C) Krishna (D) Sharavati

23. खनिज तेल उत्पादन में कौन देश अग्रणी है ?

(A) भारत (B) संयुक्त राज्य अमेरिका

(C) चीन (D) जापान

Which country is the leading producer of mineral oil ?

(A) India (B) United States of America

(C) China (D) Japan

24. कुल जल का कितना प्रतिशत महासागरों में है ?

(A) 93·5 (B) 96·5

(C) 95·5 (D) 97·5

What percentage of total water is in the ocean ?

(A) 93·5 (B) 96·5

(C) 95·5 (D) 97·5

25. भारत में खाद्यान्नों का बफर स्टॉक कौन बनाता है ?

(A) नीति आयोग (B) नाबार्ड

(C) भारतीय खाद्य निगम (D) भारतीय किसान यूनियन

Who creates buffer stock of food grains in India ?

(A) NITI Aayog

(B) NABARD

(C) Food Corporation of India

(D) Bharatiya Kisan Union

26. निम्नलिखित में से किस मृदा का निर्माण बेसाल्ट के विघटन से हुआ है ?

(A) लैटेराइट मृदा (B) रेगुर

(C) जलोढ़ मृदा (D) पर्वत मृदा

Which of the following soils is formed by the disintegration of basalt ?

(A) Laterite soil (B) Regur

(C) Alluvial soil (D) Mountain soil

27. निम्नलिखित जैवमंडल आरक्षित क्षेत्रों में कौन बिहार में स्थित है ?

(A) सुंदरवन (B) मानस

(C) सिमिलीपाल (D) इनमें से कोई नहीं

Which of the following Biosphere Reserve Areas is located in Bihar ?

(A) Sundarban (B) Manas

(C) Simlipal (D) None of these

28. कौन-सा इस्पात संयंत्र ब्रिटेन के सहयोग से स्थापित हुआ था ?

(A) राउरकेला इस्पात संयंत्र (B) दुर्गापुर इस्पात संयंत्र

(C) बोकारो इस्पात संयंत्र (D) भिलाई लोहा एवं इस्पात संयंत्र

Which steel plant was established with the collaboration of Britain ?

(A) Rourkela steel plant (B) Durgapur steel plant

(C) Bokaro steel plant (D) Bhilai iron and steel plant

29. हाजीपुर में किस रेलवे क्षेत्र का मुख्यालय स्थित है ?

(A) उत्तर-मध्य रेलवे (B) पूर्व-मध्य रेलवे

(C) पूर्व रेलवे (D) पूर्वोत्तर रेलवे

The headquarters of which railway zone is located in Hajipur ?

(A) North-Central Railway (B) East-Central Railway

(C) Eastern Railway (D) North Eastern Railway

30. बिहार राज्य जल विद्युत ऊर्जा निगम का गठन कब हुआ था ?

(A) 1940 (B) 1956

(C) 1982 (D) 1991

When was Bihar State Hydroelectric Power Corporation formed ?

(A) 1940 (B) 1956

(C) 1982 (D) 1991

31. अविभाजित बिहार में कौन-सा नियोजित नगर था ?

(A) पटना (B) राँची

(C) जमशेदपुर (D) गया

Which was the planned town in undivided Bihar ?

(A) Patna (B) Ranchi

(C) Jamshedpur (D) Gaya

32. तल चिह्न की सहायता से किसी स्थान विशेष की मापी गयी ऊँचाई को क्या कहा जाता है ?

(A) स्थानिक ऊँचाई (B) समोच्च रेखा

(C) त्रिकोणमितीय स्टेशन (D) विशेष ऊँचाई

What is the height measured at a particular place with the help of a benchmark called ?

(A) Spot height (B) Contour lines

(C) Trigonometric station (D) Special height

33. भारत में आपदा प्रबंधन का सर्वोच्च निकाय कौन है ?

(A) राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण (B) राष्ट्रीय आपदा प्रतिक्रिया बल

(C) ग्रामीण आपदा प्रबंधन समिति (D) जिला मजिस्ट्रेट का कार्यालय

Which is the apex body for disaster management in India ?

(A) National Disaster Management Authority

(B) National Disaster Response Force

(C) Rural Disaster Management Committee

(D) Office of District Magistrate

**A**

34. दामोदर नदी किस राज्य में बाढ़ का प्रमुख कारण है ?

(A) बिहार (B) असम

(C) पश्चिम बंगाल (D) आंध्र प्रदेश

Damodar River is the main cause of flood in which state ?

(A) Bihar (B) Assam

(C) West Bengal (D) Andhra Pradesh

35. सर्वाधिक विनाशकारी भूकंपीय तरंग कौन-सी है ?

(A) P तरंग (B) S तरंग

(C) L तरंग (D) इनमें से कोई नहीं

Which is the most destructive earthquake wave ?

(A) *P*-wave (B) *S*-wave

(C) *L*-wave (D) None of these

36. बिहार में भयंकर सूखा कब पड़ा था ?

(A) 1987 (B) 1966

(C) 2004 (D) 1978

When did Bihar face severe drought ?

(A) 1987 (B) 1966

(C) 2004 (D) 1978

37. सामान्य संचार व्यवस्था के बाधित होने का क्या कारण है ?

(A) केबल टूट जाना (B) ट्रांसमीशन टावर का क्षतिग्रस्त हो जाना

(C) बिजली आपूर्ति का बाधित होना (D) इनमें से सभी

What is the reason for the disruption of normal communication system ?

(A) Breakage of cable

(B) Damage to transmission tower

(C) Disruption of power supply

(D) All of these

38. इंडियन नेशनल सेटेलाईट सिस्टम (इनसेट) का प्रयोग किसलिए किया जाता है ?

(A) दूरसंचार हेतु (B) संसाधनों की खोज एवं प्रबंधन हेतु

(C) नगर नियोजन हेतु (D) इनमें से सभी

What is the Indian National Satellite System (INSAT) used for ?

(A) For telecommunication purpose

(B) For discovery and management of resources

(C) Urban planning

(D) All of these

39. कौन-सी आपदा धीरे-धीरे आती है ?

(A) बाढ़ (B) भूकंप

(C) सुनामी (D) सूखा

Which disaster comes gradually ?

(A) Flood (B) Earthquake

(C) Tsunami (D) Drought

40. चाय उत्पादन के लिए किस तापक्रम परास की आवश्यकता होती है ?

(A) 10°C - 20°C (B) 20°C - 30°C

(C) 30°C - 40°C (D) 5°C - 10°C

Which temperature range is required for tea production ?

(A) 10°C - 20°C (B) 20°C - 30°C

(C) 30°C - 40°C (D) 5°C - 10°C

41. कौन नदी घाटी परियोजना उत्तर बिहार में नहीं है ?

(A) सोन नदी घाटी परियोजना (B) गण्डक नदी घाटी परियोजना

(C) कोसी नदी घाटी परियोजना (D) बागमती परियोजना

Which river valley project is not in north Bihar ?

(A) Sone River Valley Project

(B) Gandak River Valley Project

(C) Kosi River Valley Project

(D) Bagmati Project

42. यंग इटली की स्थापना किसने की ?

(A) मेटरनिख (B) मेजिनी

(C) गैरीबाल्डी (D) नेपोलियन

Who founded Young Italy ?

(A) Metternich (B) Mazzini

(C) Garibaldi (D) Napoleon

43. ग्रेगोरियन कैलेंडर, जूलियन कैलेंडर से कितने दिन आगे चलता है ?

(A) 10 दिन (B) 12 दिन

(C) 13 दिन (D) 15 दिन

How many days does the Gregorian Calendar run ahead of the Julian Calendar ?

(A) 10 days (B) 12 days

(C) 13 days (D) 15 days

44. वियतनाम, फ्रांसीसी आधिपत्य से कब स्वतंत्र हुआ ?

(A) 1930 (B) 1935

(C) 1945 (D) 1948

When did Vietnam become independent from French rule ?

(A) 1930 (B) 1935

(C) 1945 (D) 1948

45. कैप्टन कोंग ले के नेतृत्व में सैनिक सरकार कहाँ बनी थी ?

(A) लाओस (B) उत्तरी वियतनाम

(C) दक्षिणी वियतनाम (D) कंबोडिया

Where was the military government formed under the leadership of Captain Kong Le ?

(A) Laos (B) Northern Vietnam

(C) Southern Vietnam (D) Cambodia

46. किस अधिनियम द्वारा नगरपालिका में निर्वाचित सदस्यों की संख्या घटा दी गई ?

(A) वर्नाक्यूलर प्रेस एक्ट (B) इलबर्ट बिल

(C) कलकत्ता कॉरपोरेशन एक्ट (D) बॉम्बे कॉरपोरेशन एक्ट

By which Act was the number of elected members in the municipality reduced ?

(A) Vernacular Press Act

(B) Ilbert Bill

(C) Calcutta Corporation Act

(D) Bombay Corporation Act

**A**

47. गाँधी जी ने गुरुदेव की उपाधि किसे दी ?

(A) गोपाल कृष्ण गोखले (B) रवीन्द्रनाथ टैगोर

(C) लॉर्ड डलहौजी (D) सरदार वल्लभभाई पटेल

To whom did Gandhiji give the title of Gurudev ?

(A) Gopal Krishna Gokhale (B) Rabindranath Tagore

(C) Lord Dalhousie (D) Sardar Vallabhbhai Patel

48. मुसलमानों के लिए पृथक निर्वाचन की व्यवस्था किस योजना के तहत किया गया ?

(A) नेहरू रिपोर्ट (B) मोंटेग्यू-चेम्सफोर्ड सुधार

(C) मार्ले-मिन्टो सुधार (D) भारत सरकार अधिनियम 1919

Under which plan was the provision of separate elections for Muslims made ?

(A) Nehru Report

(B) Montague-Chelmsford Reforms

(C) Morley-Minto Reforms

(D) Government of India Act 1919

49. निम्नलिखित में से कौन नरमपंथी नेता थे ?

(A) फिरोजशाह मेहता (B) सुभाष चन्द्र बोस

(C) लाला लाजपत राय (D) बाल गंगाधर तिलक

Who among the following was a moderate leader ?

(A) Pherozeshah Mehta (B) Subhas Chandra Bose

(C) Lala Lajpat Rai (D) Bal Gangadhar Tilak

50. निम्नलिखित में से किस बैंक की स्थापना सबसे पहले हुई ?

(A) बैंक ऑफ इंडिया (B) इंडियन बैंक

(C) पंजाब नेशनल बैंक (D) सेन्ट्रल बैंक ऑफ इंडिया

Which of the following banks was established first ?

(A) Bank of India (B) Indian Bank

(C) Punjab National Bank (D) Central Bank of India

51. किस पंचवर्षीय योजना के दौरान प्रथम वेतन बोर्ड का गठन हुआ था ?

(A) प्रथम (B) द्वितीय

(C) तृतीय (D) चतुर्थ

During which five-year plan was the First Wage Board constituted ?

(A) First (B) Second

(C) Third (D) Fourth

52. 1800 ई० में भारतीय निर्यात में सूती वस्त्र का हिस्सा कितना प्रतिशत था ?

(A) 30 प्रतिशत (B) 15 प्रतिशत

(C) 5 प्रतिशत (D) इनमें से कोई नहीं

What was the percentage share of cotton textiles in Indian exports in 1800 A.D. ?

(A) 30 per cent (B) 15 per cent

(C) 5 per cent (D) None of these

53. निम्नलिखित में से कौन-सा पत्र ब्रिटिश सरकार का पूर्ण समर्थक था ?

(A) द पायनियर (B) इंडियन मिरर

(C) अमृत बाजार पत्रिका (D) मिरात-उल-अकबार

Which of the following newspapers was a full supporter of the British Government ?

(A) The Pioneer (B) Indian Mirror

(C) Amrit Bazar Patrika (D) Mirat-ul-akhbar

54. ब्रिटिश को बॉम्बे किसने दिया था ?

(A) फ्रांस ने
(B) पुर्तगाल ने
(C) स्पेन ने
(D) भारत ने

Who gave Bombay to British ?

(A) France
(B) Portugal
(C) Spain
(D) India

55. मुद्रण कला के आविष्कार का श्रेय किस देश को जाता है ?

(A) चीन
(B) जर्मनी
(C) ब्रिटेन
(D) दक्षिण कोरिया

Which country is credited with the invention of the art of printing ?

(A) China
(B) Germany
(C) Britain
(D) South Korea

56. यूरोपीय आर्थिक संघ के गठन का सुझाव सर्वप्रथम किसने दिया ?

(A) ब्रिटेन के प्रधानमंत्री
(B) फ्रांस के विदेश मंत्री
(C) जर्मनी के वित्तमंत्री
(D) इटली के विदेश मंत्री

Who first suggested the formation of European Economic Union ?

(A) Prime Minister of Britain
(B) Foreign Minister of France
(C) Finance Minister of Germany
(D) Foreign Minister of Italy

57. दक्षेस का मुख्यालय कहाँ है ?

(A) भारत
(B) नेपाल
(C) पाकिस्तान
(D) श्रीलंका

Where is the headquarters of SAARC ?

(A) India
(B) Nepal
(C) Pakistan
(D) Sri Lanka

58. निम्न में से कौन चन्द्रगुप्त मौर्य के दरबार में आया था ?

(A) फाह्ययान
(B) मेगस्थिनीज
(C) कन्फ्यूशियस
(D) सेल्यूकस निकेटर

Who among the following came to the court of Chandragupta Maurya ?

(A) Fa-Hien
(B) Megasthenes
(C) Confucius
(D) Seleucus Nicator

59. गाँधी–इरविन पैक्ट को किस नाम से जाना जाता है ?

(A) लखनऊ समझौता
(B) दिल्ली समझौता
(C) लाहौर समझौता
(D) लंदन समझौता

By what name is the Gandhi-Irwin pact known ?

(A) Lucknow Agreement
(B) Delhi Agreement
(C) Lahore Agreement
(D) London Agreement

60. खान अब्दुल गफ्फार खान ने किस संगठन की स्थापना की थी ?

(A) मुस्लिम लीग
(B) जेकोबिन क्लब
(C) खुदाई खिदमतगार
(D) फॉरवर्ड ब्लॉक

Which organization was founded by Khan Abdul Ghaffar Khan ?

(A) Muslim League
(B) Jacobin Club
(C) Khudai Khidmatgar
(D) Forward Bloc

61. साइमन कमीशन में कितने सदस्य थे ?

(A) 5
(B) 7
(C) 10
(D) 12

How many members were there in the Simon Commission ?

(A) 5
(B) 7
(C) 10
(D) 12

62. अखिल भारतीय खिलाफत आन्दोलन के अध्यक्ष कौन थे ?

(A) मोहम्मद अली जिन्ना.
(B) महात्मा गाँधी
(C) शौकत अली
(D) इनमें से कोई नहीं

Who was the President of the All India Khilafat movement ?

(A) Muhammad Ali Jinnah
(B) Mahatma Gandhi
(C) Shaukat Ali
(D) None of them

63. गदर पार्टी की स्थापना कहाँ हुई ?

(A) भारत
(B) अमेरिका
(C) कनाडा
(D) आयरलैंड

Where was the Ghadar Party established ?

(A) India
(B) America
(C) Canada
(D) Ireland

64. रूस ने ब्रेस्टलिटोवस्क की संधि किससे की ?

(A) फ्रांस
(B) जर्मनी
(C) पोलैंड
(D) अमेरिका

With whom did Russia sign the Treaty of Brest-Litovsk ?

(A) France
(B) Germany
(C) Poland
(D) America

65. 'रक्त और लौह की नीति' का अवलम्बन किसने किया ?

(A) मेजिनी
(B) स्टालिन
(C) निक्सन
(D) बिस्मार्क

Who followed the 'policy of blood and iron' ?

(A) Mazzini
(B) Stalin
(C) Nixon
(D) Bismarck

66. ऑस्ट्रिया का चांसलर कौन था ?

(A) बिस्मार्क
(B) मेटरनिख
(C) काउंट कावूर
(D) हिटलर

Who was the Chancellor of Austria ?

(A) Bismarck
(B) Metternich
(C) Count Cavour
(D) Hitler

67. जुलाई 1830 की क्रांति के फलस्वरूप फ्रांस में किसका शासन स्थापित हुआ ?

(A) चार्ल्स-X
(B) चार्ल्स-II
(C) लुई फिलिप
(D) एलेक्जेंडर-II

Whose rule was established in France as a result of the revolution of July 1830 ?

(A) Charles - X
(B) Charles - II
(C) Louis Philippe
(D) Alexander -II

68. मरम्मत पर व्यय एवं पूंजी की घिसावट को किसमें शामिल किया जाता है ?

(A) शुद्ध घरेलू उत्पाद (B) शुद्ध राष्ट्रीय उत्पाद

(C) सकल राष्ट्रीय उत्पाद (D) इनमें से कोई नहीं

Expenditure on depreciation and repair of capital is included in which of the following ?

(A) Net Domestic Product (B) Net National Product

(C) Gross National Product (D) None of these

69. निम्न में से किसकी जरूरतों को पूरा करने के लिए क्षेत्रीय ग्रामीण बैंक की स्थापना की गई ?

(A) सीमान्त एवं छोटे किसानों की (B) औद्योगिक संस्थाओं / समूहों की

(C) साहूकारों की (D) इनमें से सभी

Regional Rural Banks were established to meet the needs of which of the following ?

(A) Marginal and small farmers

(B) Industrial houses

(C) The moneylenders

(D) All of these

70. सार्वजनिक कल्याण किस अर्थव्यवस्था का उद्देश्य होता है ?

(A) पूँजीवादी अर्थव्यवस्था (B) समाजवादी अर्थव्यवस्था

(C) बाजार अर्थव्यवस्था (D) इनमें से कोई नहीं

Public welfare is the objective of which economy ?

(A) Capitalistic economy (B) Socialistic economy

(C) Market economy (D) None of these

71. स्वतंत्रता प्राप्ति के पूर्व राष्ट्रीय आय गणना का प्रयास किसने किया था ?

(A) एम. एस. स्वामीनाथन (B) के. सी. पंत

(C) दादाभाई नौरोजी (D) प्रो० केन्स

Who tried to calculate national income before independence ?

(A) M. S. Swaminathan (B) K. C. Pant

(C) Dadabhai Naoroji (D) Prof. Keynes

72. दोहरी गणना की समस्या का संबंध निम्नलिखित में से किससे है ?

(A) वस्तु विनिमय (B) प्रति व्यक्ति आय

(C) राष्ट्रीय आय (D) उपभोग व्यय

The problem of double counting is related to which of the following ?

(A) Barter system (B) Per capita income

(C) National income (D) Consumption expenditure

73. निम्नलिखित में से मुद्रा की विशेषता क्या है ?

(A) सामान्य स्वीकार्यता (B) विधि ग्राह्य

(C) विनिमय का माध्यम (D) इनमें से सभी

Which of the following is/are the characteristic(s) of money ?

(A) General acceptability (B) Legal tender

(C) Medium of exchange (D) All of these

74. अर्थव्यवस्था के संतुलन के लिए क्या आवश्यक है ?

(A) उपभोग = निवेश (B) बचत = निवेश

(C) आय = बचत (D) आय = निवेश

What is required for the equilibrium of the economy ?

(A) Consumption = Investment

(B) Saving = Investment

(C) Income = Saving

(D) Income = Investment

75. 1980 के दशक के अंत में भारत की आर्थिक स्थिति कैसी थी ?

(A) आयातों में वृद्धि (B) तेजी से बढ़ती महंगाई

(C) अपर्याप्त विदेशी मुद्रा भंडार (D) इनमें से सभी

How was the economic condition of India in the late 1980's ?

(A) Increasing imports

(B) Rapidly rising inflation

(C) Inadequate foreign exchange reserves

(D) All of these

76. बैंकिंग सेवा किस आर्थिक क्षेत्र का भाग है ?

(A) प्राथमिक क्षेत्र (B) द्वितीयक क्षेत्र

(C) तृतीयक क्षेत्र (D) औद्योगिक क्षेत्र

Banking service is the part of which sector ?

(A) Primary sector (B) Secondary sector

(C) Tertiary sector (D) Industrial sector

77. संयुक्त राष्ट्र मानव विकास कार्यक्रम द्वारा पहली मानव विकास रिपोर्ट किसके निर्देशन में तैयार की गई थी ?

(A) मो० यूनुस (B) महबूब-उल-हक

(C) रैगनर नर्क्स (D) एडम स्मिथ

Under whose direction was the first Human Development Report prepared by the United Nations Human Development Programme ?

(A) Md. Yunus (B) Mahbub-ul-Haq

(C) Ragnar Nurkse (D) Adam Smith

78. मनरेगा के तहत कितने दिनों की मजदूरी रोजगार की गारंटी है ?

(A) 100 दिन (B) 150 दिन

(C) 180 दिन (D) 200 दिन

How many days of wage employment is guaranteed under MNREGA ?

(A) 100 days (B) 150 days

(C) 180 days (D) 200 days

79. निम्न में से क्या गैर-संस्थागत वित्त का स्रोत है ?

(A) क्षेत्रीय ग्रामीण बैंक (B) भूमि विकास बैंक

(C) महाजन (D) सहकारी बैंक

Which of the following is the source of non-institutional finance ?

(A) Regional Rural Bank (B) Land Development Bank

(C) Moneylender (D) Cooperative Bank

80. निम्नलिखित योजनाओं में से सबसे पहले किस योजना की शुरुआत हुई ?

(A) समेकित ग्रामीण विकास कार्यक्रम

(B) जवाहर रोजगार योजना

(C) मनरेगा

(D) काम के बदले अनाज योजना

Which of the following schemes was started first ?

(A) Integrated Rural Development Programme

(B) Jawahar Rojgar Yojana

(C) MGNREGA

(D) Food for Work Scheme

## खण्ड - ब / SECTION - B

## इतिहास / History

### लघु उत्तरीय प्रश्न / Short Answer Type Questions

*प्रश्न संख्या 1 से 6 तक लघु उत्तरीय हैं। इनमें से किन्हीं 3 प्रश्नों के उत्तर दें। प्रत्येक प्रश्न के लिए 2 अंक निर्धारित है।* **3 × 2 = 6**

*Question Nos. 1 to 6 are Short Answer Type. Answer any 3 questions. Each question carries 2 marks.* *3 × 2 = 6*

1. चार्टर एक्ट का भारतीय व्यापार पर क्या प्रभाव पड़ा ?

   What effect did the Charter Act have on Indian trade ?

2. गिरमिटिया मजदूरी व्यवस्था क्या है ?

   What is indentured labour system ?

3. विश्वव्यापी आर्थिक मंदी का भारत पर क्या प्रभाव पड़ा ?

   What impact did the global economic recession have on India ?

4. बंगाल विभाजन की क्या प्रतिक्रिया हुई थी ?

   What was the reaction to the partition of Bengal ?

5. उपनिवेशवाद से क्या अभिप्राय है ?

   What is meant by colonialism ?

6. मेटरनिख युग से क्या तात्पर्य है ?

   What is meant by Metternich era ?

### दीर्घ उत्तरीय प्रश्न / Long Answer Type Questions

***प्रश्न संख्या 7 और 8 दीर्घ उत्तरीय हैं। इनमें से किसी 1 का उत्तर दें। प्रत्येक प्रश्न के लिए 4 अंक निर्धारित है।*** ***1 × 4 = 4***

*Question Nos. 7 and 8 are Long Answer Type. Answer any 1 of them. Each question carries 4 marks.* *1 × 4 = 4*

7. भारत पर औद्योगीकरण का क्या प्रभाव पड़ा ? संक्षेप में वर्णन करें।

   What was the impact of industrialization on India ? Describe in brief.

8. रूस की नई आर्थिक नीति मार्क्सवादी सिद्धांतों के साथ किस प्रकार एक समझौता थी ?

How was Russia's new economic policy a compromise with Marxist theory ?

## राजनीति विज्ञान / Political Science

### लघु उत्तरीय प्रश्न / Short Answer Type Questions

*प्रश्न संख्या 9 से 12 तक लघु उत्तरीय हैं। इनमें से किन्हीं 2 प्रश्नों के उत्तर दें। प्रत्येक प्रश्न के लिए 2 अंक निर्धारित है।* **$2 \times 2 = 4$**

*Question Nos. 9 to 12 are Short Answer Type. Answer any 2 questions. Each question carries 2 marks.* $2 \times 2 = 4$

9. नर्मदा बचाओ आंदोलन का मुख्य उद्देश्य क्या था ?

What was the main objective of Narmada Bachao Andolan ?

10. सार्वभौमिक मताधिकार से क्या अभिप्राय है ?

What is meant by universal suffrage ?

11. लोकतांत्रिक विकेन्द्रीकरण क्या है ?

What is democratic decentralization ?

12. भारत को धर्मनिरपेक्ष राष्ट्र क्यों कहा जाता है ?

Why is India called a secular nation ?

### दीर्घ उत्तरीय प्रश्न / Long Answer Type Questions

*प्रश्न संख्या 13 एवं 14 दीर्घ उत्तरीय हैं। इनमें से किसी 1 का उत्तर दें। प्रत्येक प्रश्न के लिए 4 अंक निर्धारित है।* **$1 \times 4 = 4$**

*Question Nos. 13 and 14 are Long Answer Type. Answer any 1 of them. Each question carries 4 marks.* $1 \times 4 = 4$

13. ग्रामीण विकास में पंचायती राज व्यवस्था की भूमिका पर चर्चा करें।

Discuss the role of Panchayati Raj system in rural development.

14. लोकतंत्र की सफलता हेतु उत्तरदायी कारक बताइए।

Explain the factors responsible for the success of democracy.

# अर्थशास्त्र / Economics

## लघु उत्तरीय प्रश्न / Short Answer Type Questions

*प्रश्न संख्या 15 से 18 तक लघु उत्तरीय हैं। इनमें से किन्हीं 2 प्रश्नों के उत्तर दें। प्रत्येक प्रश्न के लिए 2 अंक निर्धारित है।* **2 × 2 = 4**

*Question Nos. 15 to 18 are Short Answer Type. Answer any 2 questions. Each question carries 2 marks.* 2 × 2 = 4

15. अर्थव्यवस्था के दो प्रमुख कार्य बताइए।

    State two important functions of the economy.

16. प्रति-व्यक्ति आय को परिभाषित करें।

    Define per capita income.

17. बैंकों का राष्ट्रीयकरण से क्या अभिप्राय है ?

    What is meant by nationalization of banks ?

18. दोहरी गणना से क्या अभिप्राय है ?

    What is meant by double counting ?

## दीर्घ उत्तरीय प्रश्न / Long Answer Type Questions

***प्रश्न संख्या 19 एवं 20 दीर्घ उत्तरीय हैं। इनमें से किसी 1 का उत्तर दें। प्रत्येक प्रश्न के लिए 4 अंक निर्धारित है।*** ***1 × 4 = 4***

*Question Nos. 19 and 20 are Long Answer Type. Answer any 1 of them. Each question carries 4 marks.* 1 × 4 = 4

19. देश के आर्थिक विकास में आधारिक संरचना के योगदान पर चर्चा करें।

    Discuss the contribution of infrastructure in the economic development of the country.

20. मुद्रा क्या है ? मुद्रा के आर्थिक महत्व पर चर्चा करें।

    What is money ? Discuss the economic importance of money.

# भूगोल / Geography

## लघु उत्तरीय प्रश्न / Short Answer Type Questions

*प्रश्न संख्या 21 से 26 तक लघु उत्तरीय हैं। इनमें से किन्हीं 3 प्रश्नों के उत्तर दें। प्रत्येक प्रश्न के लिए 2 अंक निर्धारित है।* *3 × 2 = 6*

*Question Nos. 21 to 26 are Short Answer Type. Answer any 3 questions. Each question carries 2 marks.* *3 × 2 = 6*

21. खनिज संरक्षण के दो उपाय बताइए।

    State two measures for mineral conservation.

22. भारत में गोंडवाना कोयला क्षेत्रों का एक संक्षिप्त विवरण दीजिए।

    Give a brief account of the Gondwana coal fields.

23. फसल चक्रण क्यों आवश्यक है ?

    Why is crop rotation necessary ?

24. हॉट स्पॉट्स निर्धारण की मुख्य शर्तें क्या हैं ?

    What are the main conditions for determining hot spots ?

25. बिहार के चार तापीय विद्युत केन्द्रों के नाम लिखें।

    Write the names of four thermal power plants of Bihar.

26. भारत में सदाबहार वन कहाँ पाए जाते हैं ?

    Where are evergreen forests found in India ?

## दीर्घ उत्तरीय प्रश्न / Long Answer Type Questions

*प्रश्न संख्या 27 एवं 28 दीर्घ उत्तरीय हैं। इनमें से किसी 1 का उत्तर दें। प्रत्येक प्रश्न के लिए 4 अंक निर्धारित है।* *1 × 4 = 4*

*Question Nos. 27 and 28 are Long Answer Type. Answer any 1 of them. Each question carries 4 marks.* *1 × 4 = 4*

27. भारत के शक्ति संसाधनों का विवरण दीजिए।

    Give an account of the power resources of India.

28. सार्वजनिक और निजी क्षेत्रों के उद्योगों में अंतर स्पष्ट कीजिए।

    Differentiate between the public and private sector industries.

## आपदा प्रबंधन / Disaster Management

### लघु उत्तरीय प्रश्न / Short Answer Type Questions

***प्रश्न संख्या 29 से 32 तक लघु उत्तरीय हैं। इनमें से किन्हीं 2 प्रश्नों के उत्तर दें। प्रत्येक प्रश्न के लिए 2 अंक निर्धारित है।*** $2 \times 2 = 4$

*Question Nos. 29 to 32 are Short Answer Type. Answer any 2 questions. Each question carries 2 marks.* $2 \times 2 = 4$

29. बाढ़ भूमि की उर्वरता बढ़ाने में किस प्रकार सहायक है ?

    How are floods helpful in increasing the fertility of the land ?

30. पारिस्थितिक असंतुलन से आप क्या समझते हैं ?

    What do you understand by ecological imbalance ?

31. संचार उपग्रह किस प्रकार कार्य करता है ?

    How does a communication satellite work ?

32. मानव निर्मित आपदाओं का उल्लेख कीजिए।

    Mention man-made disasters.